# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

क्रमांक/एफ/प्रशा./स्था./8881 दिनांक : 17/09/24

## //कार्यालयीन सूचना//

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक 839/312/रासेयो/2024/38-3 भोपाल दिनांक 11/09/2024 के द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक "स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान" कायर्कम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत गतिविधियां/कार्यक्रम का आयोजन संलग्न पत्रानुसार आयोजित किया जाना है।

उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, विभागाधिकारी, समन्वयक, निदेशक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक <u>"स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान"</u> कायर्कम के अंतर्गत अपने अपने विभागों/अध्ययनशालाओं/कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करें। कार्यक्रम के आयोजन के उपरान्त गतिविधियों को सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही गतिविधियों की जानकारी निम्नानुसार पर Hashtags करें-

(पत्र संलग्न)

| | |
|---|---|
| @SwachhbharatGov | #SHS2024 |
| @Swachh BharatGov | #SwbhabSwachhata |
| @MoHUA_India | #sanskaarSwachhata |
| @MoJSDDWS | #SwachhataKiSeva2024 |

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/विभागाधिकारी/निदेशक/समन्वयक
समस्त अध्ययनशालाए जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की
ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रतिलिपि :-

1. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. समस्त अधिकारी/कर्मचारी जीवाजी विश्वविद्यालंय, ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय यंत्री, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. चीफ वार्डन/ वार्डन समस्त महिला/पुरुष छात्रावास, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. सहायक कुलसचिव, (स्टोर), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. उप/सहायक-कुलसचिव प्रशा/विकास/अकादमी/परीक्षा/गोप./लीगल जीविवि ग्वालियर
8. आई.टी. सेल प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
9. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहायक कुलसचिव (प्रशा.)

मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल-462004

क्रमांक 839 / 312 /रासेयो/2024/38,    भोपाल, दिनांक 11/09/2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त महाविद्यालय म.प्र.।

विषय:-स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन के संबंध में।

--0—

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 14 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक "स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान" कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गतिविधियां/कार्यक्रम का आयोजन संलग्न कैलेण्डर अनुसार आयोजित करने का कष्ट करें।

शैक्षणिक संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के स्वयंसेवकों तथा अन्य अध्ययरत विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को इस अभियान में जोड़ते हुए सभी की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनायें।

आपसे अनुरोध है कि कार्यक्रम आयोजन उपरांत आयोजित गतिविधियों का सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही गतिविधियों की जानकारी निम्नलिखित पर Hashtags करें-

| | |
|---|---|
| @SwachhbharatGov | #SHS2024 |
| @SwachhBharat | #SwbhabSwachhata |
| @MoHUA_India | #SanskaarSwachhata |
| @MoJSDDWS | #SwachhataKiSeva2024 |

कार्यक्रम उपरांत गतिविधियों का समेकित प्रतिवेदन संलग्न प्रपत्र अनुसार मय फोटोग्राफ्स एवं पेपर कटिंग सहित अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा के माध्यम से विभाग में भेजना सुनिश्चित करें।

**संलग्न:- यथोपरि**

**(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

11-9-24

( वीरन सिंह भलावी )
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

निरन्तर......

पृ. क्र- 840/312 /रासेयो/2024 /38 भोपाल, दिनांक 11 /09/2024

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. निज सहायक, प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
4. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुडा भवन, भोपाल ।
5 सचिव, म.प्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग म.प्र.।
6. अपर महानिदेशक, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल।
7. कुल सचिव, समस्त विश्वविद्यालय म.प्र. ।
8. अतिरिक्त संचालक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा म.प्र.।
9. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय ई-1/123 अरेरा कालोनी भोपाल।
10. कार्यक्रम समन्वयक, समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय म.प्र.।
11. प्रभारी अधिकारी, आईटी सेल, उच्च शिक्षा संचालनालय, म.प्र.।

........ की ओर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

11-9-24

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

**मध्य प्रदेश शासन**
**उच्च शिक्षा विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल-462004**

स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन के संबंध में।
(दिनांक 14 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक)

गतिविधि कैलेण्डर

| अवधि/दिनांक | प्रस्तावित प्रमुख गतिविधियाँ/कार्यक्रम |
|---|---|
| 14 सितंबर, 2024 | स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम शुभारम्भ - छात्रों की सहभागिता समन्वय एवं शिक्षकों द्वारा छात्रों को स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता हेतु प्रेरित करना। |
| 17 सितंबर 2024 | विशेष श्रमदान दिवस- समुदाय एवं संस्थागत स्तर पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम। स्वच्छता शपथ, साफ-सफाई विषय पर व्याख्यान, परिचर्चा, निबंध, चित्रकला प्रश्नोत्तरी एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आदि। |
| 18 सितंबर से 01 अक्टूबर, 2024 तक | श्रमदान से सम्पूर्ण स्वच्छता हेतु- गोदग्रामों में एक दिवसीय शिविर का आयोजन-स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ। |
| | श्रमदान से सार्वजनिक स्थलों - बस स्टेंड, रेल्वे स्टेशन, बाजार, अस्पताल आदि स्थान पर स्वच्छता कार्यक्रम। |
| | गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखने के महत्व पर चर्चा |
| | व्यक्तिगत स्वच्छता, शौचालयों की स्वच्छता एवं उपयोग। |
| | सिंगल यूज प्लास्टिक हेतु जागरूकता और जन सहयोग से कपड़े से बने थैलों का लोगो को वितरण करना। |
| | नदी, सरोवर, झीलों इत्यादि के तटीय किनारों, दूषित जल निकायों की साफ-सफाई मे स्थानीय गैर सरकारी संगठनो (NGOS) एवं राज्य सरकार के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करना। |
| | संस्था परिसर एवं अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ करते हुए सोशल मीडिया जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। |
| | साफ-सफाई के प्रति रैली, नुक्कड नाटक आदि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। |
| | परिसर/गोदग्राम में पौधारोपण (एक पेड़ माँ के नाम)। |
| 02 अक्टूबर 2024 | स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम– स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित गतिविधियों/कार्यक्रमों हेतु पुरस्कार, प्रमाण पत्र वितरण/सम्मान कार्यक्रम एवं अन्य स्थानीय आवश्यकतानुसार स्वच्छता गतिविधियाँ। |

## प्रपत्र-1

### महाविद्यालय द्वारा अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा को भेजी जाने वाली जानकारी का प्रपत्र

| क्र | महाविद्यालय का नाम | कार्यक्रम/गतिविधियाँ का विवरण | | सहभागियों की संख्या | | | | | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विद्यार्थी | | | शिक्षक | | | |
| | | दिनांक | विवरण | छात्र | छात्रा | योग | पुरूष | महिला | योग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

## प्रपत्र-2

### अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा द्वारा विभाग को भेजे जाने वाली समेकित जानकारी का

| क्र | कुल महाविद्यालय की संख्या | आयोजित गतिविधियो का विवरण | कुल सहभागी संख्या | | | | | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | विद्यार्थी | | | शिक्षक | | | |
| | | | छात्र | छात्रा | योग | पुरूष | महिला | योग | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

## प्रपत्र-3

### विश्वविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को भेजी जाने वाली जानकारी का प्रपत्र

| क्र | विश्वविद्यालय का नाम | कार्यक्रम/गतिविधियाँ का विवरण | | सहभागियों की संख्या | | | | | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विद्यार्थी | | | शिक्षक | | | |
| | | दिनांक | विवरण | छात्र | छात्रा | योग | पुरूष | महिला | योग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | |
| | | | | | | | | | | |

# SWACHHTA PLEDGE

Mahatma Gandhi dreamt of an India which was not only free but also clean and developed.

Mahatma Gandhi secured freedom for Mother India.

Now it is our duty to serve Mother India by keeping the country neat and clean.

I take this pledge that I will remain committed towards cleanliness and devote time for this.

I will devote 100 hours per year, that is two hours per week, to voluntarily work for cleanliness.

I will neither litter not let others litter.

I will initiate the quest for cleanliness with myself, my family, my locality, my village and my work place.

I believe that the countries of the world that appear clean are so because their citizens don't indulge in littering nor do they allow it to happen.

With this firm belief, I will propagate the message of Swachh Bharat Mission in villages and towns.

I will encourage 100 other persons to take this pledge which I am taking today.

I will endeavour to make them devote their 100 hours for cleanliness.

I am confident that every step I take towards cleanliness will help in making my country clean.

# स्वच्छता शपथ

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।

महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

***